No. of Printed Pages : 12

**MTE-11**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME (BDP)

## Term-End Examination

## June, 2019

03482

## ELECTIVE COURSE : MATHEMATICS

## MTE-11 : PROBABILITY AND STATISTICS

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

*(Weightage : 70%)*

***Note :*** *Question no. 7 is* ***compulsory****. Answer any* ***four*** *questions from questions no.* ***1*** *to* ***6****. Use of calculators is* ***not*** *allowed.*

**1.** (a) The weekly sales of two products A and B were recorded as given below :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *Product A* : | 59 | 75 | 27 | 63 | 25 | 28 | 52 |
| *Product B* : | 15 | 20 | 12 | 31 | 33 | 28 | 22 |

Find out which of the two products shows greater fluctuation in sales. *6*

(b) Let X and Y be jointly distributed with p.d.f.

$$f_{XY}(x, y) = \begin{cases} \frac{1}{4}(1 + xy), |x| < 1, |y| < 1 \\ 0 \qquad , \qquad \text{otherwise} \end{cases}$$

Check whether X and Y are independent. Also, determine the conditional distribution of Y for X = x. *4*

2. (a) A problem based on Statistics is given to two students A and B. The odds in favour of A solving the problem are 6 to 9 and against B solving the problem 12 to 10. If A and B attempt, find the probability of the problem being solved. 3

(b) The following data relates to the scores obtained by 9 salesmen of a company in an intelligence test and their weekly sales :

| *Salesmen* | *Test Scores* | *Weekly Sales (in thousands of ₹)* |
|---|---|---|
| A | 50 | 30 |
| B | 60 | 60 |
| C | 50 | 40 |
| D | 60 | 50 |
| E | 80 | 60 |
| F | 50 | 30 |
| G | 80 | 70 |
| H | 40 | 50 |
| I | 70 | 60 |

(i) Obtain the regression equation of sales on intelligence test scores of the salesmen.

(ii) If the intelligence test score of a salesman is 65, what would be his expected weekly sales ? 5

(c) If X is a random variable having binomial distribution with mean 2·4 and variance 1·44, find $P(X \geq 5)$. 2

3. (a) If $X_1, X_2, ..., X_n$ is a random sample taken from Poisson distribution $(\lambda)$, then show that the sample mean $(\bar{x})$ is a consistent estimator of $\lambda$. *4*

(b) Let X be a random variable with density function $f(x) = 6x(1-x), 0 \le x \le 1$.

(i) Check whether it is a pdf or not.

(ii) Find cdf.

(iii) Compute $P\left(X \le \frac{1}{2} \middle| \frac{1}{3} \le X \le \frac{2}{3}\right)$.

(iv) Determine the number k such that

$$P(X < k) = P(X > k).$$ *6*

4. (a) Show that the maximum likelihood estimator of the parameter $\theta$ of a population having the density function $\frac{2}{\theta^2}(\theta - x), 0 < x < \theta$, for a sample of unit size is 2x, where x is the sample value. Also, show that the estimate obtained is biased. *6*

(b) A sample of 100 items is taken at random from a batch known to contain 40% defectives. What is the probability that the sample contains

(i) at least 44 defectives ?

(ii) exactly 44 defectives ? *4*

[You may like to use the following values : $P(0 < Z < 0{\cdot}7143) = 0{\cdot}2624$, $P(0 < Z < 0{\cdot}9184) = 0{\cdot}3208$, $P(0 < Z < 12{\cdot}347) = 0{\cdot}5$]

5. (a) A firm wants to ascertain the real reasons for leaves availed by its employees in past 3 months. The table below shows the number of leaves taken by the employees of the firm. Construct both ogives with the help of the data given in the table :

| *Leaves Taken* | *No. of Employees* |
|---|---|
| 0 – 5 | 15 |
| 5 – 10 | 17 |
| 10 – 15 | 20 |
| 15 – 20 | 16 |
| 20 – 25 | 10 |
| 25 – 30 | 2 |

Estimate the median from the graph. *4*

(b) Products produced by a machine have 3% defective rate. What is the probability that the

(i) first defective occurs in the fifth item inspected ?

(ii) first defective occurs in the first five inspections ? *4*

(c) For a positively skewed distribution, the Pearson's coefficient of skewness is 1. If the standard deviation is 5, what will be the value of third central moment $m_3$ ? *2*

6. (a) Let the joint probability mass function of X and Y be

$$p(x, y) = \begin{cases} \dfrac{x+y}{21}, & x = 1, 2, 3 \text{ and } y = 1, 2 \\ 0 \quad , & \text{otherwise} \end{cases}$$

Find the marginal pmf of x and y. Also find mean and variance of x and y. *6*

(b) A dice is thrown 60 times with the following results :

| *Face* | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *Frequency* | 8 | 7 | 12 | 8 | 14 | 11 |

Test at 5% level of significance if the die is unbiased. *4*

[You may like to use the following values :
$\chi^2_{0\cdot05,\,5} = 11\cdot07$, $\chi^2_{0\cdot05,\,6} = 12\cdot59$,
$\chi^2_{0\cdot05,\,7} = 14\cdot07$ ]

7. Which of the following statements are *true* or *false* ? Give a short proof or counter example in support of your answer. *5×2=10*

(a) For any two events A and B, $P(A \cup B)$ cannot be greater than P(A) or P(B).

(b) The algebraic sum of deviations of a set of n values from their arithmetic mean is n.

(c) The mean and variance of the binomial distribution

$$({}^{20}C_x)\left(\frac{1}{2}\right)^x\left(\frac{1}{2}\right)^{20-x}; \; x = 0, 1, 2, ..., 20$$

are 10 and 5, respectively.

(d) If the correlation coefficient between x and y is − 0·60, then the correlation coefficient between 2x − 1 and − 3y + 5 will be 0·60.

(e) If $X \sim N(0, 1)$, then the value of $P[-3{\cdot}2 \leq X \leq 0]$ will be 0·5.

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

# (बी.डी.पी.)

# सत्रांत परीक्षा

# जून, 2019

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : गणित

## एम.टी.ई.-11 : प्रायिकता और सांख्यिकी

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*(भारिता : 70%)*

---

**नोट :** *प्रश्न सं. 7 अनिवार्य है । प्रश्न सं. 1 से 6 में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । कैल्कुलेटरों के प्रयोग करने की अनुमति नहीं है ।*

---

**1.** (क) दो उत्पादों A और B की साप्ताहिक बिक्री रिकॉर्ड की गई, जो नीचे दी गई है :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| *उत्पाद A :* | 59 | 75 | 27 | 63 | 25 | 28 | 52 |
| *उत्पाद B :* | 15 | 20 | 12 | 31 | 33 | 28 | 22 |

यह पता लगाइए कि दोनों उत्पादों में से कौन-से उत्पाद की बिक्री में अधिक उतार-चढ़ाव है । *6*

(ख) मान लीजिए कि X और Y संयुक्त बंटित हैं और उनका p.d.f. निम्नलिखित है :

$$f_{XY}(x, y) = \begin{cases} \frac{1}{4}(1 + xy), |x| < 1, |y| < 1 \\ 0 \quad , \quad \text{अन्यथा} \end{cases}$$

जाँच कीजिए कि X और Y स्वतंत्र हैं या नहीं । Y का X = x के लिए सप्रतिबंध बंटन भी ज्ञात कीजिए । *4*

**2.** (क) सांख्यिकी की एक समस्या दो विद्यार्थियों A और B को हल करने के लिए दी जाती है । A के समस्या हल करने के ऑड्स पक्ष में 6 और 9 हैं जबकि B के समस्या हल करने के ऑड्स विपक्ष में 12 और 10 हैं । यदि A और B दोनों प्रयास करते हैं, तो समस्या के हल हो जाने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए । *3*

(ख) एक कम्पनी के 9 विक्रेताओं के एक बुद्धि परीक्षण में प्राप्त अंकों और उनकी साप्ताहिक बिक्री से संबंधित आँकड़े नीचे दिए गए हैं :

| *विक्रेता* | *परीक्षण अंक* | *साप्ताहिक बिक्री (हजार ₹ में)* |
|---|---|---|
| A | 50 | 30 |
| B | 60 | 60 |
| C | 50 | 40 |
| D | 60 | 50 |
| E | 80 | 60 |
| F | 50 | 30 |
| G | 80 | 70 |
| H | 40 | 50 |
| I | 70 | 60 |

(i) विक्रेताओं द्वारा की गई बिक्री की बुद्धि परीक्षण अंकों पर समाश्रयण समीकरण प्राप्त कीजिए ।

(ii) यदि एक विक्रेता के बुद्धि परीक्षण में अंक 65 हैं, तो उसकी प्रत्याशित साप्ताहिक बिक्री क्या होगी ? *5*

(ग) यदि X एक द्विपद बंटन का यादृच्छिक चर है जिसका माध्य 2·4 और प्रसरण 1·44 है, तो $P(X \geq 5)$ ज्ञात कीजिए । *2*

3. (क) यदि $X_1, X_2, ..., X_n$ एक प्वासों बंटन (λ) से लिया गया यादृच्छिक प्रतिदर्श है, तो दर्शाइए कि प्रतिदर्श माध्य $(\bar{x})$, λ का एक संगत आकलक है । 4

(ख) मान लीजिए कि X, घनत्व फलन

$$f(x) = 6x(1 - x),\ 0 \leq x \leq 1$$

वाला एक यादृच्छिक चर है ।

(i) जाँच कीजिए कि यह pdf है या नहीं ।

(ii) cdf ज्ञात कीजिए ।

(iii) $P\left(X \leq \frac{1}{2} \middle| \frac{1}{3} \leq X \leq \frac{2}{3}\right)$ निकालिए ।

(iv) संख्या k का मान ज्ञात कीजिए जबकि

$$P(X < k) = P(X > k).$$ 6

4. (क) दर्शाइए कि घनत्व फलन $\frac{2}{\theta^2}(\theta - x),\ 0 < x < \theta$ वाली एक समष्टि के प्राचल θ का इकाई आकार के प्रतिदर्श के लिए अधिकतम संभावित आकलक 2x है, जहाँ x प्रतिदर्श मान है । यह भी दर्शाइए कि प्राप्त आकलन अभिनत है । 6

(ख) एक वस्तुओं का बैच, जिसमें 40% खराब वस्तुओं के होने का पता है, से 100 वस्तुओं का एक प्रतिदर्श यादृच्छया निकाला जाता है । वह प्रायिकता क्या है कि

(i) कम-से-कम 44 वस्तुएँ खराब होंगी ?

(ii) ठीक 44 वस्तुएँ खराब होंगी ? 4

[आप निम्नलिखित मानों का प्रयोग कर सकते हैं :
$P(0 < Z < 0{\cdot}7143) = 0{\cdot}2624$, $P(0 < Z < 0{\cdot}9184) = 0{\cdot}3208$, $P(0 < Z < 12{\cdot}347) = 0{\cdot}5$]

5. (क) एक फर्म अपने कर्मचारियों द्वारा पिछले 3 महीनों में ली गई छुट्टियों का वास्तविक कारण जानना चाहती है । फर्म के कर्मचारियों द्वारा ली गई छुट्टियाँ नीचे तालिका में दी गई हैं । तालिका में दिए गए आंकड़ों की सहायता से दोनों प्रकार के तोरण वक्र खींचिए :

| *ली गई छुट्टियाँ* | *कर्मचारियों की संख्या* |
|---|---|
| 0 – 5 | 15 |
| 5 – 10 | 17 |
| 10 – 15 | 20 |
| 15 – 20 | 16 |
| 20 – 25 | 10 |
| 25 – 30 | 2 |

ग्राफ से माध्यिका का आकलन कीजिए । *4*

(ख) एक मशीन द्वारा बने उत्पादों के खराब निकलने की दर 3% है । वह प्रायिकता क्या है कि

(i) निरीक्षण किया गया पाँचवाँ उत्पाद पहला खराब उत्पाद निकलता है ?

(ii) पहले पाँच उत्पादों के निरीक्षण में पहला खराब उत्पाद निकलता है ? *4*

(ग) एक धनात्मक वैषम्य बंटन के लिए वैषम्यता का पीयरसन गुणांक 1 है । यदि मानक विचलन 5 है, तो तृतीय केंद्रीय आघूर्ण $m_3$ का मान क्या होगा ? *2*

**6.** (क) मान लीजिए कि X और Y का संयुक्त प्रायिकता द्रव्यमान फलन निम्नलिखित है :

$$p(x, y) = \begin{cases} \dfrac{x+y}{21}, & x = 1, 2, 3 \text{ और } y = 1, 2 \\ 0 \quad , & \text{अन्यथा} \end{cases}$$

x और y के उपांत pmf ज्ञात कीजिए । x और y के माध्य और प्रसरण भी ज्ञात कीजिए । *6*

(ख) एक पाँसा 60 बार उछाला जाता है और निम्नलिखित परिणाम दर्शाता है :

| *फलक* | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *बारंबारता* | 8 | 7 | 12 | 8 | 14 | 11 |

5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए कि पाँसा अनभिनत है । *4*

[आप निम्नलिखित मानों का प्रयोग कर सकते हैं :

$\chi^2_{0\cdot05,\,5} = 11\cdot07$, $\chi^2_{0\cdot05,\,6} = 12\cdot59$,

$\chi^2_{0\cdot05,\,7} = 14\cdot07$]

7. निम्नलिखित में से कौन-से कथन *सत्य* हैं अथवा *असत्य* ? अपने उत्तर के पक्ष में संक्षिप्त उपपत्ति या प्रत्युदाहरण दीजिए । *5×2=10*

(क) किन्हीं भी दो घटनाओं A और B के लिए, $P(A \cup B)$, $P(A)$ या $P(B)$ से अधिक नहीं हो सकता है ।

(ख) n मानों के एक समुच्चय का उनके समान्तर माध्य से लिए गए विचलनों का बीजगणितीय योगफल n होता है ।

(ग) द्विपद बंटन

$$({}^{20}C_x)\left(\frac{1}{2}\right)^x\left(\frac{1}{2}\right)^{20-x}; x = 0, 1, 2, ..., 20$$

का माध्य और प्रसरण क्रमशः 10 और 5 होगा ।

(घ) यदि x और y के बीच सहसंबंध गुणांक $-0{\cdot}60$ है, तो $2x-1$ और $-3y+5$ के बीच सहसंबंध गुणांक $0{\cdot}60$ होगा ।

(ङ) यदि $X \sim N(0, 1)$ है, तो $P[-3{\cdot}2 \le X \le 0]$ का मान $0{\cdot}5$ होगा ।

---